146. बीकानेर चित्र शैली में किस बीकानेर शासक के समय उस्ता परिवार में हिन्दू कथाओं को आधार बनाकर बहुत चित्र बनाए?

(a) करणसिंह (b) रायसिंह
(c) अनूपसिंह (d) जैतसिंह

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022

Ans. (c) : बीकानेर के शासक अनूप सिंह के समय में उस्ता परिवार ने हिंदु कथाओं को आधार बनाकर चित्र बनाये थे।

147. 'उस्ता कला' का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस जन्तु की खाल से है?

(a) बाघ (b) भेड़
(c) ऊँट (d) घोड़ा

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (c) – मारवाड़ शैली के अन्तर्गत बीकानेर शैली का प्रादुर्भाव सोलहवी शताब्दी के अन्त से माना जाता है। बीकानेर शैली के उद्भव का श्रेय यहाँ के उस्तादों को दिया जाता है। निरन्तर अभ्यास व कला-कौशल के कारण इन मुस्लिम कलाकारों को उस्ताद कह कर सम्बोधित किया जाता था। कालान्तर में इन उस्तादों को उस्ता कहा जाने लगा। इन्होंने उस्ता कला को जन्म दिया। ऊँटों की खाल पर सोने का चित्रण उस्ता-कला कहलाता है।

148. उस्ताद कहलाने वाले चित्रकारों ने भित्तिचित्र किस नगर में बनाये हैं?

(a) चुरू (b) अजमेर
(c) जोधपुर (d) बीकानेर

उत्तर : (d)

व्याख्या- उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

149. राजस्थानी चित्रकला की किस शैली से निहालचन्द का सम्बन्ध था?

(a) मेवाड़ (b) बीकानेर
(c) किशनगढ़ (d) बूँदी

MVSI-2013

Ans. (c) : निहालचंद राजस्थानी चित्रकला के किशनगढ़ शैली के प्रमुख चित्रकार थे। किशनगढ़ शैली के अन्य चित्रकार हैं–अमीरचंद्र, भँवरलाल, सुरध्वज, मोरध्वज एवं धन्ना।

150. किशनगढ़ चित्रकला शैली के संरक्षक सावंत सिंह की मृत्यु कहाँ हुई?

(a) किशनगढ़ (b) आगरा
(c) जोधपुर (d) वृंदावन

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (d) : किशनगढ़ चित्रकला शैली के संरक्षक राजा सावंत सिंह की मृत्यु वृंदावन में हुई थी। राजा सावंत सिंह (नागरीदास) का शासन काल किशनगढ़ शैली की दृष्टि से स्वर्णयुग कहा जाता है। बणी ठणी (भारतीय मोनालिसा) का चित्र राजा सावंत सिंह (दरबारी चित्रकार) के समय में चित्रकार निहालचन्द्र ने बनाया था।

151. किशनगढ़ शैली का स्वर्णिम युग कौन सा था?

(a) राणा कुंभा का शासनकाल
(b) राजा सावंतसिंह का शासनकाल
(c) पृथ्वीराज चौहान का शासनकाल
(d) राजा किशनसिंह का शासनकाल

JEN Civil Degree-2020 (12.09.2021)
कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

152. किसके दरबार में निहालचंद आधिकारिक/दरबारी चित्रकार के रूप में कार्यरत थे?

(a) सावंत सिंह (b) महाराणा प्रताप
(c) रामसिंह (d) जयसिंह

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

153. 'बनी ठनी' किस चित्रशैली से संबंधित थी?

(a) बुन्दी (b) किशनगढ़
(c) मेवाड़ (d) चावण्ड

RPSC RAS/RTS-2008
RPSC SI-14.09. 2021
Investigator Exam-2016
MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011
लवण निरीक्षक (उद्योग विभाग) परीक्षा -2018

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

154. निम्नलिखित में से कौन सा एक लोक चित्रकला का अंग नहीं है?

(a) फड़ (b) बणी-ठणी
(c) सांझी (d) पथवारी

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक)-2019
कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (b) – राजस्थान की प्रमुख लोक चित्रकला-सांझी, मांडणे, पथवारी, फड़, गोदना, रील, बातिक आदि है। जबकि बणी-ठणी किशनगढ़ शैली में निर्मित एक चित्रकला है जिसकी रचना निहालचंद ने की थी।

155. चाँद, तैय्यब, रायसिंह नारायण भाटी, साहिबा एवं उस्ना चित्रकार निम्न में से किस चित्रशैली से संबंधित है?

(a) किशनगढ़ (b) सिरोही
(c) नागौर (d) अजमेर

कनिष्ठ अभियंता (सिविल)-18.05.2022
कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (d) – चाँद, तैय्यब, रायसिंह नारायण भाटी, साहिबा एवं उस्ना जैसे चित्रकार राजस्थान के अजमेर, चित्रशैली से सम्बन्धित है। अजमेर चित्रशैली में सुहानी रंग योजना (लाल, पीले, हरे, नीले के साथ बैंगनी) रंग का विशेष प्रयोग होता है। कानों में कुंडल, बाली, गले में मोतियों का हार, माथे पर वैष्णवी तिलक, हाथ में तलवार, पैरों में मोचड़ी धारण किये हुए अजमेर शैली के सामंत कला के उदाहरण हैं। अजमेर शैली के कलाकारों ने लावण्यमय लंबा इकहरा शरीर का चित्रण किया है। अजमेर शैली के सर्वाधिक चित्र कुमार संग्राम सिंह संग्रहालय में उपलब्ध है।

156. अजमेर लघु-चित्र शैली को समृद्ध करने वाले चित्रकारों में एक स्त्री चित्रकार का प्रमुख स्थान है। वह कौन है?

(a) शीरीन (b) तारिणी
(c) नौशीन (d) साहिबा

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

157. झालावाड़ शैली की राजपूत पेंटिंग, किस राजपूत पेंटिंग स्कूल का हिस्सा है?

(a) मेवाड़ (b) मारवाड़
(c) हाड़ौती (d) ढूंढाड़

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022